## मानसून सत्र में उठाएंगे महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार का मुद्दा : सुष्मिता देव

**नयी दिल्ली, 6 जुलाई (ए)।** अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव ने नरेन्द्र मोदी सरकार पर देश में महिला विरोधी अपराधों के बढ़ते मामलों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस संसद के मानसून सत्र में इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाएगी। सुष्मिता ने कहा, अगर देश में महिलाएं, अल्पसंख्यक और दलित खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं तो यह सरकार के लिए आत्मचिंतन का विषय है। लेकिन सरकार समस्या को स्वीकार कर समाधान करने की बजाय इनकार करने में लगी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार को गंभीरता से नहीं ले रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी संसद के आगामी सत्र में महिला विरोधी हिंसा का मामला उठाएगी। सुष्मिता ने थॉमसन रॉयटर फाउंडेशन के हालिया सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा, जब हमारी सरकार में यह सर्वेक्षण आता है तो वह इस पर कुछ बोलते हैं और जब इनकी सरकार में आता है तो कुछ और बोलते हैं। समस्या से आंख मूँदने की बजाय समाधान के लिये कदम उठाना होगा। सरकार की ओर से 12 साल से कम उम्र की बच्चियों से बलात्कार के मामलों में मौत की सजा का प्रावधान का अध्यादेश लाने के बारे में उन्होंने कहा, ''अगर देश में माहौल सही होता तो मौत की सजा के कानून की क्या जरूरत होती सामाजिक माहौल में बदलाव करना होगा। मोदी सरकार को माहौल सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

## एक और मासूम हुई छेड़छाड़ का शिकार, सुनवाई न हुई तो दे दी जान

**इंदौर, 6 जुलाई (ए)।** मध्यप्रदेश में मामा शिवराज के राज में उनकी भांजियां कितनी सुरक्षित हैं ये तो सब जानते ही हैं। इसकी एक और तस्वीर राज्य की आर्थिक राजधानी इंदौर से सामने आई है। यहां एक मनचले की छेड़खानी से तंग आकर 16 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतका के पास से पुलिस को सुसाइड नोट भी मिला है। नाबालिग ने सुसाइड नोट में लिखा है, 'पापा सॉरी मेरी कोई गलती नहीं थी वह मुझे आए दिन ब्लैकमेल करता है और उसने मेरी फोटो फेसबुक पर भी अपलोड कर दी थी, जिसकी वजह से मेरी इमेज हर जगह खराब हो गई। उसने मुझसे आपके बारे में जबरदस्ती दो लेटर भी लिखवाए। वह मुझे स्कूल के टाइम पर परेशान भी करता है और जबरदस्ती बात करने को बोलता है। मैं उससे बहुत परेशान हूं। आपको पता है उसकी मम्मी कितनी खराब है और मैं नहीं चाहती कि मेरी वजह से आपकी इमेज खराब हो। मैं स्कूल से आ रही थी तो सब लोग बोल रहे थे कि मेरी गलती है। सॉरी पापा मुझे माफ करना, मुझे लगा कि मैं ही नहीं रहूंगी तो बात ही खत्म हो जाएगी'। परिजनों की मानें तो पड़ोस में रहने वाला युवक उसे आए दिन परेशान करता था। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस में भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी ने एक एसआई को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले को गम्भीरता से देखते हुए इसकी जांच करवाई जाएगी की इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई।

## बारिश से बेहाल मुंबई, अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में घुसा पानी

**मुंबई, 6 जुलाई (ए)।** मुंबई में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। वहीं आज गोंदिया जिले में हुई झमाझम बारिश के चलते गंगाबाई सरकारी अस्पताल में घुटनों तक पानी भर गया। बारिश का पानी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर तक घुस गया। अस्पताल में पानी भरने से मरीजों को दूसरे सुरक्षित वार्डो में शिफ्ट किया गया। वहीं अस्पताल का स्टॉफ पानी को बाहर निकालते दिखा। वहीं बारिश ने अस्पताल के प्रबंधों को पोल खोल कर रख दी। इस पर अस्पाल की तरफ से सफाई पेश की गई कि अचानक तेज बारिश के कारण सीवेज चोक हो गया जिस वजह से पानी भरा। दूसरी तरफ नागपुर में भी भारी बारिश के कारण नागपुर विधानसभा के अंदर भी पानी भर गया है। विधानसभा की बिजली भी ठप्प होने की वजह से विधानसभा की कार्रवाई सोमवार तक के लिए टाल दी गई है। बारिश से निपटने के लिए बड़े-बड़े दावे कर रही नगर निगम ने कितनी व्यवस्था करके रखा थी वो बारिश की तस्वीरें बयां कर रही है।

## दक्षिण कश्मीर में अज्ञात हमलावर ने मौलवी को मारी गोली

**श्रीनगर, 6 जुलाई (ए)।** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले में अज्ञात बंदूकधारी ने एक मौलवी को गोली मार दी। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पुलवामा के परिगाम में एक बंदूकधारी ने मौलवी मुस्ताक अहमद को गोली मार दी। उन्होंने बताया कि जब तक स्थानीय लोग और सुरक्षाकर्मी घटना स्थल पर पहुंचे, हमलावर अंधेरे का लाभ उठाकर वहां से भाग निकला। सूत्रों ने बताया कि घायल अवस्था में अहमद को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## मैक्सिको में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोटों से 24 की मौत, 49 घायल

**टूलपेटिक, 6 जुलाई (ए)।** मैक्सिको सिटी के बाहरी क्षेत्र में स्थित पटाखा फैक्ट्री में गुरुवार को दो विस्फोट होने से राहत बचाव कर्मियों समेत कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी और 49 अन्य घायल हो गये। मृतकों में बचावकर्मी भी शामिल हैं जिनकी दूसरों की जान बचाते समय मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पहला धमाका सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुआ और फिर दूसरे गोदामों तक फैल गया। मैक्सिको सिटी से उत्तर में स्थित 65,000 लोगों की आबादी वाला टूलपेटिक शहर पटाखों के निर्माण के लिए जाना जाता है और यहां भयंकर दुर्घटनाओं का इतिहास रहा है। रेड क्रॉस ने एक ट्वीट कर कहा कि हमें आज सुबह टूलपेटिक में मारे गए लोगों के लिए बहुत दुख है। मृतकों में हमारे दमकलकर्मी और पुलिसकर्मी भी शामिल हैं जिन्होंने कई लोगों की जान बचाते हुए अपनी जान गंवा दी। अधिकारियों ने बताया कि एक नाबालिग समेत कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हैं। पीड़ितों में चार दमकलकर्मी और पांच पुलिसकर्मी शामिल हैं।

## परमाणु समझौते को बचाए रखने वाला यूरोप का प्रस्ताव पर्याप्त नहीं : ईरान

**विएना,6 जुलाई (ए)।** ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने आज कहा कि परमाणु समझौते से अमेरिका के अलग हो जाने के प्रभावों से निपटने के लिए यूरोप की ओर से दिया गया आर्थिक उपायों का प्रस्ताव पर्याप्त नहीं है। समाचार एजेंसी आईआरएनए की खबर के मुताबिक रूहानी ने फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों को फोन पर कहा कि पैकेज से हमारी सभी मांगे पूरी नहीं हो रही।

# नीतीश की महागठबंधन में वापसी के विरोध में खड़े हुए शरद यादव

**पटना, 6 जुलाई (ए)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महागठबंधन में वापसी को लेकर अटकलों के दौर के बीच जनता दल युनाइटेड के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव ने कड़ा रुख अपना लिया है। बताया जा रहा है कि शरद यादव इस बात के खिलाफ हैं कि नीतीश कुमार की महागठबंधन में वापसी हो। शरद यादव के करीबी सूत्रों ने बताया कि नीतीश कुमार के प्रति लालू प्रसाद यादव का नरम रुख देख शरद यादव ने लालू से फोन पर बात की और कहा कि नीतीश विश्वास के लायक व्यक्ति नहीं हैं। मुंबई के एक अस्पताल में अपना इलाज करा रहे लालू से हाल ही में नीतीश ने भी बात की थी और उनका हाल जाना था। उससे पहले शरद यादव मुंबई जाकर लालू से मिल चुके थे लेकिन जब उन्हें खबर लगी कि लालू और नीतीश की बात हुई है तो वह तुरंत सक्रिय हो गये।

**शरद यादव कांग्रेस नेताओं से मिले :** शरद यादव ने कांग्रेस नेताओं से भी बात कर महागठबंधन में नीतीश की प्रस्तावित वापसी का विरोध किया है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने शरद यादव का पक्ष सुना है लेकिन पार्टी नीतीश कुमार के खिलाफ कोई बयान देने से बच रही है। कांग्रेस मानती है कि यदि नीतीश कुमार फिर से साथ आते हैं तो महागठबंधन को फायदा होगा। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेज प्रताप यादव भले नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हों लेकिन तेजस्वी यादव ने अपना रुख बदला है और नीतीश पर सीधे आरोप लगाने की बजाय सरकार के फैसलों पर सवाल उठा रहे हैं। दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी नीतीश कुमार के खिलाफ कुछ भी नहीं कह रहे हैं।

**भाजपा की तैयारी तेज :** उधर, भाजपा भी नीतीश कुमार के रुख के प्रति आशंकित है इसलिए पार्टी ने लोक जनशक्ति पार्टी तथा रालोसपा के साथ ही मिलकर चुनाव लड़ने की तैयारी भी शुरू कर दी है। पार्टी सूत्रों ने साफ किया है कि लोकसभा चुनावों में भाजपा किसी कीमत पर राजग सहयोगियों को अपने से ज्यादा सीटें लड़ने के लिए नहीं देगी। पार्टी को भरोसा है कि भले नीतीश कुमार बड़े नेता हों लेकिन प्रधानमंत्री पद के चुनाव में जनता नरेंद्र मोदी का ही समर्थन करेगी।

**शरद यादव इसलिए हैं नाराज :** दूसरी ओर शरद यादव ने योजना बनाई है कि वह जल्द ही बिहार में जाकर लोगों से मिलने के अभियान को और आगे बढ़ायेंगे। नीतीश कुमार ने जब राजग में दोबारा लौटने का फैसला किया था तब यादव ने इसका विरोध किया था।

चूँकि पार्टी में नीतीश समर्थकों का ही प्रभुत्व है इसलिए शरद यादव को पहले पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया और फिर बाद में उनकी राज्यसभा सदस्यता भी समाप्त करवा दी गयी। अभी उच्चतम न्यायालय में गुहार लगाकर शरद यादव किसी तरह दिल्ली का अपना सरकारी बंगला अदालत का अंतिम फैसला आने तक बचाये रखने में कामयाब हुए हैं।

## लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा नीतीश को छोड़ सकती है : तेजस्वी

**पटना, 6 जुलाई (ए)।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद ने विपक्ष के महागठबंधन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कोई आवश्यकता नहीं होने की बात को फिर दोहराते हुए कहा कि भाजपा नीतीश को अगले लोकसभा चुनाव से ठीक पहले छोड़ सकती है। राजद के 22वें स्थापना दिवस पर यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि महागठबंधन नीतीश कुमार को स्वीकार करने के लिए तैयार है। । तेजस्वी ने कहा कि नीतीश की महागठबंधन में जरूरत नहीं। हम (राजद, कांग्रेस और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा) भाजपा और जदयू को धूल चटाने के लिए सक्षम हैं। उन्होंने जदयू से मुख्यमंत्री बनने का प्रस्ताव मिलने की अटकलों के संदर्भ में स्पष्ट किया कि इस तरह का प्रस्ताव मिलने पर भी नीतीश और उनकी पार्टी जदयू के साथ कोई संबंध नहीं होगा। उन्होंने कहा, '' हम किसी की कृपा से नहीं बल्कि जनता के आशीर्वाद से मुख्यमंत्री बनना पंसद करेंगे।'' तेजस्वी ने कहा कि जहां तक उन्हें लगता है कि ''भाजपा, चाचा (नीतीश कुमार) को अगले लोकसभा चुनाव के ठीक पहले छोड़ सकती है तथा लोकसभा एवं विधान सभा दोनों चुनाव साथ-साथ हो सकते हैं।'' करोड़ों रूपये के चारा घोटाले के मामले में सजायाफ्ता राजद प्रमुख लालू प्रसाद का मुंबई के एक अस्पताल में इलाज चलने के कारण उनकी गैरमौजूदगी में राजद का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर लालू प्रसाद की पत्नी और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राबड़ी देवी भी मौजूद नहीं थीं।

## लोकसभा चुनाव से पहले संसद में 'बड़ा मुकाबला'

**जालंधर, 6 जुलाई (ए)।** लोकसभा चुनाव से पूर्व राज्यसभा के उपसभापति (डिप्टी चेयरमैन) के चुनाव के जरिए विपक्ष के सामने पहली बार भाजपा के खिलाफ एकजुट होने का मौका बन रहा है। इस चुनाव के जरिए भाजपा और विपक्ष के बीच बड़ा मुकाबला होगा। हालांकि इससे पूर्व कर्नाटक के मुख्यमंत्री कुमारस्वामी के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विपक्ष ने मंच पर एकजुटता दिखाई थी लेकिन एकजुटता सिर्फ तस्वीर में थी। लेकिन इस चुनाव के जरिए विपक्ष संगठित हो सकता है। कांग्रेस के पी.जे. कुरियन रिटायर्ड हुए हैं और उनकी खाली हुई कुर्सी के लिए 18 जुलाई से शुरू हो रहे मानसून सत्र के दौरान चुनाव होना है। राज्यसभा की वैबसाइट पर जारी जानकारी के मुताबिक भाजपा 69 सदस्यों के साथ राज्यसभा में सबसे बड़ी पार्टी है लेकिन उसके पास अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए बहुमत नहीं है जबकि कांग्रेस के पास राज्यसभा में 50 सदस्य हैं लेकिन कांग्रेस भी सीधी टक्कर में अपना उम्मीदवार जिताने



की स्थित में नहीं है।

**54 वोट निभाएंगे अहम भूमिका :** राज्यसभा में कुल 240 सदस्य हैं और चुनाव होने की स्थिति में यदि सारे सदस्य वोट करें तो जीत के लिए 121 सदस्यों का वोट जरूरी होगा। यू.पी.ए. के पास 101 वोट हैं लिहाजा उसे 20 वोट अन्य पार्टियों से तोडने् की जरूरत पड़ेगी जबकि एन.डी.ए. के पास 85 वोट हैं, अन्य पार्टियों के पास 54 वोट हैं, 54 वोट हार-जीत में अहम भूमिका अदा करेंगे लेकिन यदि चुनाव के दौरान कुछ पार्टियां वाकआऊट कर गईं तो जीत के लिए जरूरी वोट का आंकड़ा कम हो सकता है।

## जयललिता केस में नया मोड़, अपोलो की टेक्निशियन ने कार्डिएक अरेस्ट का बताया अलग समय

**नई दिल्ली, 6 जुलाई (ए)।** पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की मौत का मामला एक बार फिर विवादों में है। अपोलो अस्पताल की एक टेक्निशियन ने जयललिता के कार्डिएक अरेस्ट का जो समय बताया है, वह अस्पताल की जानकारी से अलग है। जयललिता की मौत की जांच कर रहे जस्टिस ए. अरुमुगासामी आयोग के सामने टेक्निशियन नलिनी ने बताया कि पूर्व सीएम का इकोकार्डियोग्राम टेस्ट 4 दिसंबर, 2016 को दोपहर 3.50 बजे किया गया था। इस बयान के मुताबिक जयललिता को इससे पहले कार्डिएक अरेस्ट आया होगा और उनकी तबीयत बिगड़ी होगी। जबकि अस्पताल के स्वास्थ्य रिकॉर्ड के मुताबिक जयललिता को 4 दिसंबर, 2016 को शाम 4.20 बजे कार्डिएक अरेस्ट आया था।

पूर्व मुख्यमंत्री की दोस्त वीके शशिकला ने भी आयोग के सामने अस्पताल वाला ही समय बताया था। टेक्निशियन के मुताबिक वह जब अपने ऑपरेट्स के साथ जयललिता के कमरे में पहुंची तो

वहां पहले से ही मौजूद डॉक्टर जयललिता को बचाने के लिए हॉर्ट मसाज दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी कॉल के कारण हम सिर्फ ईसीजी की लीड और मॉनिटर लेकर दौड़ पड़े थे। नलिनी ने कहा कि मुझे याद है कि मॉनिटर पर ईसीजी जांच का समय 3.50 था।

ऐसे में अस्पताल और नलिनी के बयान के बाद फिर से सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि डॉक्टरों के मुताबिक कार्डिएक अरेस्ट के बाद जयललिता का सर्जिकल रिससिटैशन और एक्स्ट्राकॉरपोरियल मेम्ब्रेन ऑक्सिजेनेशन किया गया जिसके बाद वे 5 दिसंबर, 2016 तक जिंदा रहीं। उल्लेखनीय है कि जयललिता की मौत शुरू से ही विवादों में हैं। उनकी मौत की जांच के लिए आयोग गठित किया गया जो अस्पताल के सभी स्टॉफ से इस बारे में जानकारी जुटा रहे हैं।

## गैंडों का शिकार करने गए शिकारियों को शेर के झुंड ने बनाया अपना आहार

**जोहासबग, 6 जुलाइ (ए)।** दाक्षण अफ्रीका में एक अभयारण्य में गैंडों का शिकार करने जाना तीन शिकारियों को भारी पड़ गया जब शेरों ने उन्हें अपना आहार बना लिया। ये तीनों लोग सोमवार सुबह सिबुया गेम रिजर्व पहुंचे थे इनके पास राइफल और कुल्हाड़ी थी। रिजर्व के मालिक निक फॉक्स (60) ने गुरुवार को बताया, व शेरा क समूह क बाच भटक गए- वह बड़ा झुंड था, और उनके पास ज्यादा वक्त नहीं था। हमें पता नहीं कि वास्तव में वहां कितने शेर थे- उनके शरीर का बेहद कम हिस्सा बचा। वहां तीन लोगों के कपड़े मिले। मैंने इस इलाके में पहले ऐसा कभी नहीं सुना। फॉक्स ने बताया कि पुलिस के फॉरेंसिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुचकर मृतका क अवशषा का जाच कर रहे हैं। उन्होंने बताया, हम बुधवार को गए थे- हमने सभी शेरों को एनेस्थीसिया देने के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया। मुझे लगता है कि हम भाग्यशाली थे कि शिकारी गैंडों को अपना शिकार बनाते इससे पहले शेरों ने उन्हें अपना शिकार बना लिया। हमने मार्च 2016 में तीन गैंडों को खो दिया था। शिकार क कारण अफ्रीका जगला म महज 25000 गैंडे बचे हैं। चीन, वियतनाम और अन्य एशियाई देशों में गैंडों की हड्डियों की मांग को देखते हुए उनका शिकार हो रहा है। फॉक्स बताते हैं कि घटना के बावजूद रिजर्व को पर्यटकों के लिए खुला रखा जाएगा। उन्होंने बताया, वहां आम दिनों की तरह काम हो रहा है।

# श्रीलंका को कर्ज देना जारी रखेगा चीन

**कोलंबो, 6 जुलाई (ए)।** चीन ने गुरुवार को श्रीलंका को आर्थिक मदद के तौर पर कर्ज मुहैया कराए जाने का ऐलान किया। चीन की ओर से ऐसा वन बेल्ट वन रोड के बुनियादी ढ़ाचे की तैयारी के तौर पर दिए जाने की बात कही गयी, जबकि श्रीलंका पहले से ही चीन के कर्ज के बोझ तले दब पड़ा है। चीन के कर्ज को उतारने के लिए श्रीलंका को हंबनटोटा बंदरगाह चीन को 99 सालों के लिए लीज पर देना पड़ा था। पश्चिमी मीडिया के इन दावों का खारिज करते हुए कोलंबों में स्थित चीनी दूतावास ने न्यूयार्क टाइम्स की श्री लंका में चीनी प्रोजेक्ट में भ्रष्टाचार के प्रोजेक्ट को बेबुनियाद बताया।

श्रीलंका ने विश्व के सबसे व्यस्त शिपिंग रुट में पड़ने वाले एक हिस्से पर बने बंदरगाह को पिछळे साल बीजिंग को 99 सालों के लिए लीज पर दे दिया था। श्रीलंका चीन के 1.4 बिलियन डॉलर को अदा करने में नाकामयाब रहा था।

इसी चिंता का जिक्र करते हुए भारत जैसे देश ने चीन के राष्ट्रपति शी झिनपिंग के एक ट्रिलियन डॉलर के प्रोजेक्ट वन बेल्ट वन रोड में में शामिल होने से इनकार कर दिया था। मामले में चीनी दूतावास ने कहा कि चीन का कर्ज माभ 5.5 बिलियन डॉलर है, जो कि कोलंबो

के कुल लोन 51.82 बिलियन डालर के मुकाबले काफी कम है। ऐसे में दूसरे प्रोजेक्ट को बंद नहीं किया जा सकता है। दूतावास की ओर से कहा गया कि चीन श्रीलंका को मदद देना जारी रखेगा, जो कि श्रीलंका के विकास में सहायक होगा। चीन के मुताबिक कर्ज का प्रोपेगैंडा पश्चिमी मीडिया की देन है। चीन की ओर से श्रीलंका में एक नया एयरपोर्ट बनाया जा रहा है, जहां से कोई उड़ान संचालित नहीं होती है। मालाटा का यह एयरपोर्ट राष्टपति महिंद्रा राजपक्षे के शासनकाल में बनाया गया था, जो कि उनकी विधानसभा है। इंटरनेशनल मॉनिट्री फंड ने श्रीलंका को वर्ष 2016 के जून माह में 1.5 बिलियन डॉलर लोन की वजह से बेल ऑउट कर दिया था साथ ही चेतावनी जारी की थी। न्यूयार्क टाइम्स के मुताबिक महिंद्रा राजपक्षे के शासनकाल में चीनी प्रोजेक्ट को काफी संख्या में इजाजत दी गई। श्रीलंका के दो पत्रकारों ने मामले को लेकर यूए डेली अखबार में रिपोर्टिंग की थी और महिंद्रा राजपक्षे की आलोचना की। ऐसे में राजपेक्षे की समर्थक और मंत्रियों की ओर से शोसल मीडिया पर उन्हें धमकी मिली। राजपक्षे ने चुनावी कैंपेन फंडिंग के आरोपों पर न्यूयार्क टाइम्स की महिंद्रा राजपक्षे ने आलोचना की।